Title: Urged to complete the construction of the canal on the Borgi Dam in Madhya Pradesh within two years with the help of Central Loan Assistance.

श्री रामानन्द सिंह : महोदय, इस बांध की दाईं नहर के बनने से प्रदेश के सबसे सूखा प्रभावित सतना, पन्ना तथा कटनी जिलों की सिंचाई प्रस्तावित थी। किन्तु गत 16 वर्ा से बरगी की दाईं कैनाल का काम बन्द पड़ा है। मध्य प्रदेश सरकार धनाभाव बताकर इस महत्वपूर्ण नहर का निर्माण नहीं करा रही है। जिसमें सतना, पन्ना तथा कटनी जिले में प्राय: सूखा तथा अकाल पड़ता रहता है। अत: मेरा आपके माध्यम से भारत सरकार से अनुरोध है कि केन्द्र सरकार द्वारा सी.एल.ए. (सैन्ट्रल लोन असिस्टेन्स) स्कीम के माध्यम से मध्य प्रदेश सरकार के बरगी बांध की दाईं नहर का कार्य यथाशीघ्र प्रारम्भ कराकर दो वर्ा के अंदर पूर्ण कराने का आग्रह करे, ताकि ि वन्ध्य संभाग के सूखा प्रभावित सतना, पन्ना तथा कटनी जिलों में सिंचाई सुविधा बढ़ाई जा सके। धन्यवाद।